मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर स्थित कूड़े के इस विशाल पहाड़ को समाप्त करने के लिए वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों के माध्यम से लीगेसी कचरे के निस्तारण की प्रक्रिया को तेज किया गया है तथा पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। मंत्री कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के विजन को साकार करते हुए केंद्र सरकार दिल्ली के नागरिकों को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में निर्धारित समयसीमा के भीतर भलस्वा लैंडफिल साइट पर जमा कचरे के निस्तारण हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

**Publication Name:** Deshbandhu
**Publication Date:** 29/05/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 3
**CCM:** 283.09

Urban Affairs Minister Manohar Lal Khattar's Activism Raises Hopes for Delhiites; Freedom from Bhalswa Landfill Mountain of Garbage Will Be Achieved

## शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की सक्रियता से दिल्ली के लोगों की बढ़ी उम्मीदें

# भलस्वा साइट पर कूड़े के पहाड़ से मिलेगी मुक्ति

- दिल्ली की पर्यावरणीय परेशानियों में गिना जाता रहा कूड़े का पहाड़
- 1994 में शुरू किया गया था भलस्वा डंपिंग साइट



■ डॉ. कला अय्यर

**नई दिल्ली,** 28 मई (देशबन्धु)। दिल्ली में रहने वाले लाखों लोगों के लिए भलस्वा डंपिंग साइट सिर्फ एक कूड़े का ढेर नहीं, बल्कि हर दिन महसूस होने वाली बदबू, जहरीली हवा और बीमारियों का डर रही है। कई सालों से यह कूड़े का पहाड़ राजधानी की सबसे बड़ी पर्यावरणीय परेशानियों में गिना जाता रहा। बारिश में यहां से जहरीला पानी निकलता है, गर्मियों में आग लगने का खतरा बना रहता है और आसपास रहने वाले लोग सांस की बीमारी से लेकर त्वचा संबंधी समस्याओं तक झेलते रहे हैं। अब पहली बार ऐसा लग रहा है कि इस पहाड़ को खत्म करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अब जोर देकर कहा है कि अक्टूबर 2026 तक इस कूड़े के पहाड़ को पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। उनके बयान के बाद दिल्लीवालों को उम्मीद की एक नई किरण दिखाई दी है।

मंत्री मनोहर लाल खट्टर की गंभीरता को देखकर लग रहा है कि भलस्वा डंपिंग साइट में कूड़े के पहाड़ की समस्या अब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहेगी। मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि साइट पर आधुनिक तकनीक से कचरे की प्रोसेसिंग तेज कर दी गई है । वैज्ञानिक तरीके से कचरे को खत्म करने और प्रदूषण कम करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत दिल्ली को प्रदूषणमुक्त और साफ बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। आसपास के इलाकों में हरियाली बढ़ाने और स्वास्थ्य सुरक्षा को बेहतर करने के लिए भी कई योजनाएं लागू की जा रही हैं। बता दें कि भलस्वा डंपिंग साइट को 1994 में शुरू किया गया था लेकिन 2006 में ही इसे ओवरलोडेड घोषित कर दिया गया। इसके बाद भी यहां लगातार कचरा डाला जाता रहा। यहां 62 मीटर से ऊंचाई का पहाड़ अब आसपास रहने वाले लोगों के लिए बड़ा खतरा बन चुका है।

> **अक्टूबर 2026 तक भलस्वा डंपिंग साइट पर कूड़े के पहाड़ को पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है : मनोहर लाल खट्टर**

सरकार अब इसे वैज्ञानिक तरीके से साफ करने में जुटी हुई है। बायोमाइनिंग तकनीक के जरिए पुराने कचरे को अलग किया जा रहा है। प्लास्टिक, मिट्टी और अन्य सामग्री को अलग-अलग प्रोसेस किया जा रहा है। श्री मनोहर लाल ने पिछले साल संकल्प लिया था कि अक्टूबर 2026 तक भलस्वा डंपिंग साइट को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। उसी दिशा में युद्धस्तर पर काम जारी है। सरकार का दावा है कि तय समयसीमा के भीतर भलस्वा डंपिंग साइट को पूरी तरह समतल कर दिया जाएगा। अगर ऐसा होता है तो दिल्ली के लाखों लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है।

**Publication Name:** Virat Vaibhav
**Publication Date:** 29/05/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 3
**CCM:** 399.31

Union Minister Manohar Lal Khattar inspected Bhalswa Landfill Site Directions to complete work within stipulated timeframe

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण

## तय समयसीमा में काम पूरा करने के निर्देश



वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में पिछले तीन दशकों से नासूर बने भलस्वा लैंडफिल साइट की तस्वीर अब बदलने वाली है। कूड़े के पहाड़ के रूप में कुख्यात हो चुके इस क्षेत्र को पूरी तरह से साफ करने की कवायद अब अंतिम चरण में है। गुरुवार को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भलस्वा लैंडफिल साइट का औचक दौरा कर वहां चल रहे बायो-माइनिंग और बायो-रेमेडिएशन कार्यों का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री खट्टर ने न केवल चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, बल्कि अधिकारियों को आगामी मानसून से पहले काम की गति और अधिक तेज करने के कड़े निर्देश दिए। भलस्वा साइट पर वर्तमान में वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग कर कचरे को अलग करने बायो-माइनिंग का काम मिशन मोड में चल रहा है। अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जून 2022 में इस साइट पर लगभग 73 लाख मीट्रिक टन लीगेसी कचरा जमा था। निरंतर प्रयासों और आधुनिक मशीनों की तैनाती के बाद 26 मई 2026 तक की स्थिति के मुताबिक कचरे की मात्रा घटकर करीब 23.17 लाख मीट्रिक टन रह गई है। साइट के कुल 70 एकड़ के दायरे में से 43 एकड़ भूमि अब तक पूरी तरह से खाली कराई जा चुकी है। भलस्वा लैंडफिल साइट दिल्ली की सबसे पुरानी डंप साइट्स में से एक है, जो 1994 में शुरू हुई थी और 2006 में ही ओवरफ्लो घोषित कर दी गई थी करीब 65 मीटर ऊंचे कचरे के इस पहाड़ ने न केवल आसपास के निवासियों का दम घोंट रखा था, बल्कि वहां का भूजल भी जहरीला हो चुका है। मंत्री मनोहर लाल ने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली के नागरिकों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरणीय मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए कार्य को पूरा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने साझा करते हुए कहा किए लीगेसी कचरे के निस्तारण के बाद खाली होने वाली जमीन का उपयोग जनहित और सामुदायिक कल्याण के कार्यों के लिए किया जाएगा अभी तक की योजनाओं में इस भूमि पर ग्रीन बेल्ट, पब्लिक पार्क और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को विकसित करने पर विचार किया जा रहा है दिल्ली नगर निगम ने पहले ही इस जमीन के भविष्य के उपयोग के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

**Publication Name:** Virat Vaibhav

**Publication Date:** 29/05/2026

**Edition:** Delhi

**Page No:** 8

**CCM:** 132.77

Manohar Lal visited Bandhwari waste disposal plant

# मनोहर लाल ने किया बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट का दौरा



**वैभव न्यूज ■ चंडीगढ़**

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को गुरुग्राम पहुंचकर बंधवाड़ी स्थित कचरा निस्तारण प्लांट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट में चल रहे कचरा निस्तारण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने प्रतिदिन होने वाले कचरा निस्तारण कार्य की रिपोर्ट हर 24 घंटे में उनके पास भेजने के भी निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने साइट को जल्द से जल्द साफ करने के उद्देश्य से एजेंसियों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरा निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर साइट को पूरी तरह साफ किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने फ्रेश वेस्ट के निस्तारण के लिए अलग साइट की पहचान करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, ताकि पुराने कचरे के निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के उपरांत केंद्रीय मंत्री ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गुरुग्राम व फरीदाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि स्वच्छता नगर निगमों का प्राथमिक कार्य है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाना चाहिए।

**Publication Name:** Dainik Bhaskar

**Publication Date:** 29/05/2026

**Edition:** Delhi

**Page No:** 8

**CCM:** 1709.86

Gurugram in Mission Mode • Send progress report every 24 hours Union Minister Manohar Lal said, clean Bandhwari plant in one year Wards to be divided into 7 parts; officers will be responsible MCG: Standard and approved water meters will be installed

**मिशन मोड में गुरुग्राम • हर 24 घंटे में भेजें प्रोग्रेस रिपोर्ट**

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल बोले, एक साल में साफ करें बंधवाड़ी प्लांट

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि बंधवाड़ी वेस्ट साइट को एक वर्ष के भीतर पूरी तरह साफ किया जाए। पारदर्शिता और नियमित मॉनिटरिंग के लिए उन्होंने प्रतिदिन होने वाले कार्य की रिपोर्ट हर 24 घंटे में उनके पास भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा, डीसी उत्तम सिंह, पुलिस आयुक्त शिबास कविराज सहित फरीदाबाद, गुरुग्राम व मानेसर नगर निगम के आयुक्त व अन्य आला अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री ने कार्य में तेजी लाने के लिए प्लांट में काम कर रही मौजूदा दो एजेंसियों की संख्या बढ़ाने को कहा। साथ ही निर्देश दिए कि पुराने कचरे के काम में रुकावट न आए, इसलिए 'फ्रेश वेस्ट' (नए कचरे) के निस्तारण के लिए अलग साइट की पहचान की जाए। कार्य की पारदर्शी और प्रभावी निगरानी के लिए अब बंधवाड़ी साइट का नियमित ड्रोन सर्वे भी कराया जाएगा।



## वार्ड 7 हिस्सों में बंटेंगे; अफसरों की होगी जिम्मेदारी

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गुरुग्राम और फरीदाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने शहर की सफाई व्यवस्था को मिशन मोड में लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि शहर के सभी वार्डों को सात हिस्सों में बांटा जाए और प्रत्येक हिस्से की कमान अतिरिक्त निगमायुक्त व संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारियों को सौंपी जाए, ताकि क्षेत्रवार जवाबदेही तय हो सके।

## एमसीजी: मानक एवं स्वीकृत वाटर मीटर लगेंगे

अब नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में सभी घरेलू एवं व्यावसायिक जल कनेक्शनों पर केवल मानक एवं स्वीकृत वाटर मीटर ही लगाए जाएंगे। इस सम्बंध में निगम द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि सभी वाटर मीटर आईएसआई मार्क युक्त होंगे तथा भारतीय मानक ब्यूरो के आईएस:779:1994 और आईएसओ 4064 क्लास-बी मानकों के अनुरूप होने चाहिए। इसके साथ ही मीटर मल्टी जेट, मैग्नेटिक ड्रिवन या इंफेरेंशियल टाइप के होंगे तथा उनकी रीडिंग क्षमता कम से कम 5 डिजिट इनलाइन रीडिंग की होगी।

**Publication Name:** Loksatya
**Publication Date:** 29/05/2026
**Edition:** Chandigarh
**Page No:** 7
**CCM:** 224.07

Instructions given to clean up Bhalswa garbage mountain by September

# भलस्वा में कूड़े के पहाड़ को सितंबर तक साफ करने का निर्देश दिया

नई दिल्ली, लोकसत्य।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजधानी के भलस्वा स्थित कूड़े के पहाड़ को सितंबर तक पूरी तरह साफ कर दिया जाए।

मंत्री ने स्थल का दूसरी बार निरीक्षण करने के दौरान कहा कि प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले नए कचरे का तत्काल प्रसंस्करण किया जाना चाहिए ताकि आगे कचरा जमा न हो और इस बात पर जोर दिया कि कोई नया कूड़े का पहाड़ न बन जाए।

मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि मनोहर लाल ने जैव खनन कार्यों, अग्नि सुरक्षा उपायों और स्थल पर बचे हुए कचरे को साफ करने की रूपरेखा की समीक्षा की।



मंत्रालय ने बयान में बताया कि अधिकारियों ने मनोहर लाल को सूचित किया कि जून 2022 में मौके पर लगभग 73 लाख मीट्रिक टन कचरा था और उसी वर्ष जुलाई से मिशन मोड में जैव खनन कार्य चल रहा है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 15,000 मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण किया जा रहा है।

**● केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मौके पर जाकर देखा**

मंत्रालय ने बताया कि 26 मई तक शेष कचरे की मात्रा घटकर लगभग 23.17 लाख मीट्रिक टन रह गई है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि निरंतर सुधार प्रयासों के कारण अब तक कुल 70 एकड़ में फैले कूड़े के पहाड़ में से लगभग 43 एकड़ भूमि साफ की जा चुकी है।

मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सुधार प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस भूमि का उपयोग जन और समुदाय कल्याण के लिए विवेकपूर्ण तरीके से किया जाए।

| Publication Name: | Publication Date: | Edition: |
|---|---|---|
| Jagmarg | 29/05/2026 | Chandigarh |
| **Page No:** | **CCM:** | |
| 3 | 297.4 | |

Delhi will be clean and pollution-free: Mountains of garbage to be removed from Bhalswa dumping site. Dumping site to be cleared by October 2026, Union Urban Development Minister Manohar Lal inspected. Future Plan: Focus on strengthening scientific waste disposal system and cleanliness.

# दिल्ली होगी स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त : भलस्वा डंपिंग साइट से हटेंगे कूड़े के पहाड़

## अक्तूबर-2026 तक खत्म होगी डंपिंग साइट, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने किया निरीक्षण

जगमार्ग न्यूज

नई दिल्ली/चंडीगढ़। केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को जमीन पर उतारते हुए देश की राजधानी दिल्ली को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त करने के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। अब राजधानी की चारों दिशाओं में नजर आने वाले कूड़े के पहाड़े न केवल हटेंगे, बल्कि डंपिंग साइट पर हरियाली बढ़ेगी। भलस्वा कूड़े के पहाड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन का बुलडोजर चल चुका है और अक्टूबर 2026 तक डंपिंग साइट खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान को तेजी देते हुए केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने भलस्वा डंपिंग साइट का निरीक्षण किया और दिल्ली को कूड़े के पहाड़े और प्रदूषण मुक्त करने के अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने भलस्वा डंपिंग साइट पर चल रहे सफाई और वेस्ट प्रोसेसिंग कार्यों का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट कहा कि अक्टूबर 2026 तक इस कूड़े के पहाड़ को समाप्त यानी हटा दिया जाएगा। आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों, बायो-माइनिंग और तेज़ वेस्ट प्रोसेसिंग के जरिए भलस्वा को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल क्षेत्र में बदलने के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी है। कूड़े के पहाड़ को हटाने का उद्देश्य दिल्ली को पर्यावरणीय चुनौतियों से मुक्ति दिलाने के साथ पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करना है। मनोहर लाल ने बताया किया कि डंपिंग साइट पर बायो-माइनिंग, वैज्ञानिक कचरा पृथक्करण और आधुनिक वेस्ट प्रोसेसिंग तकनीकों के माध्यम से पुराने कचरे का निस्तारण किया जा रहा है।

### भलस्वा, गाजीपुर व ओखला साइटें होंगी खत्म

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया स्वच्छ भारत मिशन सफाई अभियान नहीं बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है। देशभर में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी है। शहरों में कचरा प्रबंधन की आधुनिक व्यवस्थाओं को मजबूती मिली है। भलस्वा, गाजीपुर और ओखला जैसी डंपिंग साइटों को खत्म करना सफाई का कार्य नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य से जुड़ा बड़ा अभियान है।

### राजधानी को स्वच्छ स्वस्थ बनाने का संकल्प

भलस्वा साइट के समाप्त होने से क्षेत्रों में प्रदूषण कम होगा। दुर्गंध और जहरीली गैसों की समस्या से राहत मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर जीवन वातावरण प्राप्त होगा। सरकार का लक्ष्य है कि निर्धारित समयसीमा में इस साइट का पूर्ण समापन कर इसे सुरक्षित और उपयोगी क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए। मनोहर लाल ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण शहरी विकास के समन्वय से भविष्य के लिए बेहतर और स्वस्थ बनाने का संकल्प है।

### फ्यूचर प्लान : वैज्ञानिक वेस्ट डिस्पोजल प्रणाली मजबूती और स्वच्छता पर फोकस



केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल को निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि साइट पर मशीनों और मानव संसाधनों की संख्या बढ़ाई गई है ताकि कचरे की प्रोसेसिंग की गति में और तेजी लाई जा सके। इसके साथ ही वैज्ञानिक वेस्ट डिस्पोजल प्रणाली को भी मजबूत किया जा रहा है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

Publication Name: The Times of India
Publication Date: 29/05/2026
Edition: Chandigarh
Page No: 22
CCM: 227.67

# Clean up Bandhwari waste within year: Khattar

Vishakha.Chaman
@timesofindia.com

**Gurgaon:** Union housing and urban affairs minister Manohar Lal Khattar on Thursday ordered MCG officials to clear the sprawling Bandhwari landfill within one year and submit progress reports every 24 hours to him. The minister ordered regular drone surveys of the landfill site to ensure transparent monitoring of waste processing operations.

He directed officials to increase the number of agencies working at the site and warned against any laxity in clearing the garbage mountain. "Identify an alternative site for fresh waste dumping so that newly generated municipal waste does not interfere with the disposal of legacy waste at Bandhwari," Khattar said during the visit.

The minister's intervention comes despite two agencies already being assigned work orders in March this year to process around 14 lakh metric tonnes of legacy waste. However, the MCG officials told TOI that around 1.14 lakh metric tonnes (MT) of waste has been processed so far, even as the landfill continues to hold an estimated 18 lakh MT of accumulated legacy waste.

TOI



The minister has ordered regular drone surveys of the landfill site

The strict monitoring directive underlines the slow pace of waste processing at the site. The Union minister inspected the ongoing biomining and waste treatment operations and expressed dissatisfaction over the pace of work.

While instructing officials to send him "a daily report every 24 hours detailing the amount of waste processed at the landfill", he said the site should be completely cleared within the stipulated time frame.

Officials informed the minister that two agencies are currently engaged in legacy waste treatment. However, with around 8% of the total estimated waste processed since work orders were issued earlier this year in March, concerns remain over whether the existing infrastructure is capable of meeting the aggressive deadline set by the Centre.

Following the inspection, Khattar chaired a review meeting with senior Gurgaon and Faridabad officials at the PWD Rest House, where he stressed that sanitation remains the primary responsibility of municipal corporations.

Referring to Prime Minister Narendra Modi's recent review of the Swachh Bharat Mission, the minister said the Centre aims to develop 50 cities into clean and model urban centres.

**Publication Name:** The Pioneer

**Publication Date:** 29/05/2026

**Edition:** Chandigarh

**Page No:** 3

**CCM:** 56.55

present on the occasion.

## UNION MINISTER KHATTAR VISITS BANDHWARI PLANT IN GURUGRAM

**Chandigarh:** Union Minister for Housing and Urban Affairs Manohar Lal Khattar visited the waste disposal plant at Bandhwari in Gurugram on Thursday. During the visit, he inspected the ongoing waste disposal work at the plant and directed officials to further accelerate the process. The Union Minister instructed that a report on the daily waste disposal work being carried out at the Bandhwari plant should be sent to him every 24 hours to ensure regular monitoring of the work. At present, two agencies are engaged in waste disposal work at the Bandhwari plant. The Union Minister directed officials to increase the number of agencies to ensure that the site is cleared at the earliest. He said there should be no laxity in the waste disposal process and the site must be completely cleared within the stipulated time frame.

**Publication Name:** Dainik Savera Times
**Publication Date:** 29/05/2026
**Edition:** Chandigarh
**Page No:** 11
**CCM:** 177.11

Union Minister gave instructions to improve sanitation system and waste management in a meeting with senior officials at PWD Rest House Union Minister Manohar Lal visited Bandhwari Waste Disposal Plant

## केंद्रीय मंत्री ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में दिए सफाई व्यवस्था व कचरा प्रबंधन को बेहतर करने के निर्देश

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किया बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट का दौरा

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 28 मई : केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने गुरुवार को गुरुग्राम पहुंचकर बंधवाड़ी स्थित कचरा निस्तारण प्लांट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट में चल रहे कचरा निस्तारण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि बंधवाड़ी प्लांट में प्रतिदिन होने वाले कचरा निस्तारण कार्य की रिपोर्ट हर 24 घंटे में उनके पास भेजना सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा सके।

**एजेंसियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश**

बंधवाड़ी प्लांट में वर्तमान में दो एजेंसियां कचरा निस्तारण का कार्य कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने साइट को जल्द से जल्द साफ करने के उद्देश्य से एजेंसियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरा निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर साइट को पूरी तरह साफ किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने फ्रेश वेस्ट के निस्तारण के लिए अलग साइट की पहचान करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, ताकि पुराने कचरे के निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

**एक वर्ष में बंधवाड़ी साइट साफ करने का लक्ष्य**

निरीक्षण के उपरांत केंद्रीय मंत्री ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गुरुग्राम व फरीदाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि स्वच्छता नगर निगमों का प्राथमिक कार्य है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की है। सरकार का लक्ष्य देश के 50 शहरों को चयनित कर उन्हें स्वच्छ, सुंदर और बेहतर शहरों के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि शहर देश की पहचान होते हैं और विदेश से आने वाले लोग सबसे पहले इन्हीं शहरों को देखते हैं। इस अवसर पर जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा, डीसी उत्तम सिंह, पुलिस आयुक्त शिबास कविराज, नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त धीरेंद्र खडगटा और नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**Publication Name:** Loksatya

**Publication Date:** 29/05/2026

**Edition:** Dehradun

**Page No:** 7

**CCM:** 224.07

Instructions given to clear Bhalswa garbage mountain by September • Union Minister Manohar Lal visited the site

# भलस्वा में कूड़े के पहाड़ को सितंबर तक साफ करने का निर्देश दिया

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मौके पर जाकर देखा

नई दिल्ली, लोकसत्य।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजधानी के भलस्वा स्थित कूड़े के पहाड़ को सितंबर तक पूरी तरह साफ कर दिया जाए।

मंत्री ने स्थल का दूसरी बार निरीक्षण करने के दौरान कहा कि प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले नए कचरे का तत्काल प्रसंस्करण किया जाना चाहिए ताकि आगे कचरा जमा न हो और इस बात पर जोर दिया कि कोई नया कूड़े का पहाड़ न बन जाए।

मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि मनोहर लाल ने जैव खनन कार्यों, अग्नि सुरक्षा उपायों और स्थल पर बचे हुए कचरे को साफ करने की रूपरेखा की समीक्षा की।



मंत्रालय ने बयान में बताया कि अधिकारियों ने मनोहर लाल को सूचित किया कि जून 2022 में मौके पर लगभग 73 लाख मीट्रिक टन कचरा था और उसी वर्ष जुलाई से मिशन मोड में जैव खनन कार्य चल रहा है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 15,000 मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण किया जा रहा है।

मंत्रालय ने बताया कि 26 मई तक शेष कचरे की मात्रा घटकर लगभग 23.17 लाख मीट्रिक टन रह गई है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि निरंतर सुधार प्रयासों के कारण अब तक कुल 70 एकड़ में फैले कूड़े के पहाड़ में से लगभग 43 एकड़ भूमि साफ की जा चुकी है।

मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सुधार प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस भूमि का उपयोग जन और समुदाय कल्याण के लिए विवेकपूर्ण तरीके से किया जाए।

**Publication Name:** Deccan Chronicle
**Publication Date:** 29/05/2026
**Edition:** Chennai
**Page No:** 5
**CCM:** 2232.61


# Khattar directs Sept. deadline for cleanup of Bhalswa landfill

SHASHI BHUSHAN
NEW DELHI, MAY 28

Union minister for housing and urban affairs Manohar Lal Khattar on Thursday visited the Bhalswa landfill site to review the ongoing legacy waste remediation work being undertaken by the Municipal Corporation of Delhi (MCD) and directed the concerned authorities to ensure complete remediation of the site by September.

During his second in-person inspection and review of the remediation activities at the site, the minister further instructed that fresh waste generated on a daily basis should be processed immediately to prevent further accumulation and stressed that no new legacy waste should be created.

The Bhalswa Dumpsite has been adopted by the Union minister under the Dumpsite Remediation and Action Plan (DRAP) initiative, a nationwide mission-mode programme launched by the ministry of housing and urban affairs under the Swachh Bharat Mission - U 2.0 for remediation of major legacy dumpsites across the country with the target of achieving 'Lakshya Zero Dumpsites' through scientific remediation, environmental restoration, and reclamation of valuable urban land.


Manohar Lal Khattar

Municipal commissioner Sanjeev Khirwar and other concerned officers of the MCD joined the minister during the visit.

On September 15, 2025, the minister formally announced the adoption of the Bhalswa landfill site, followed by the formal on-site launch and inspection on September 17 under the 'Swachhata Hi Seva 2025' campaign, under which the Bhalswa Dumpsite was taken up for accelerated remediation and transformation.

**Publication Name:** Refugee Message
**Publication Date:** 29/05/2026
**Edition:** Jammu
**Page No:** 9
**CCM:** 325.0

# Union Minister Manohar Lal reviews progress of Bhalswa Dumpsite Remediation

PIB
NEW DELHI, MAY 28



Union Minister for Housing and Urban Affairs, Shri Manohar Lal today visited the Bhalswa Dumpsite to review the ongoing legacy waste remediation work being undertaken by the Municipal Corporation of Delhi (MCD). This was his second in-person inspection and review of the remediation activities at the site.

The Bhalswa Dumpsite has been adopted by Union Minister Shri Manohar Lal under the Dumpsite Remediation and Action Plan (DRAP) initiative, a nationwide mission-mode programme launched by Ministry of Housing and Urban Affairs under Swaccha Bharat Mission -U 2.0 for remediation of major legacy dumpsites across the country with the target of achieving "Lakshya Zero Dumpsites" through scientific remediation, environmental restoration, and reclamation of valuable urban land. Shri Manohar Lal formally announced the adoption of the Bhalswa Dumpsite on 15 September 2025 during a press conference in New Delhi, followed by the formal on-site launch and inspection on 17 September 2025 under the "Swachhata Hi Seva 2025" campaign, under which the Bhalswa Dumpsite was taken up for accelerated remediation and transformation.

During today's visit, officials briefed the Hon'ble Minister on the progress of biomining and land reclamation activities at the Bhalswa Dumpsite. The site had approximately 73 lakh metric tonnes of legacy waste in June 2022, and since July 2022, biomining operations have been continuously undertaken in mission mode, approximately 15 thousands metric tonnes processed per daily . As on 26 May 2026, resulting in a significant reduction of the balance waste quantity, including both legacy and fresh waste, to approximately 23.17 lakh metric tonnes is remaining waste to be processed. Owing to the sustained biomining and remediation efforts, nearly 43 acres of land has been reclaimed out of the total dumpsite area of about 70 acres.

In line with the vision of the Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi and the objectives of Swachh Bharat Abhiyan, scientific methods are being deployed for legacy waste remediation, with parallel efforts to improve environmental safety and civic amenities in the surrounding areas.

During the visit to the Bhalswa landfill site, Hon'ble Minister, Shri Manohar Lal, conducted a comprehensive review of the ongoing biomining operations, environmental safeguards, fire prevention measures, leachate management systems, and the future roadmap for complete remediation of the dumpsite. Emphasizing the importance of expeditious completion of the project to improve environmental conditions and safeguard public health in the surrounding areas, the Hon'ble Minister directed the concerned authorities to ensure complete remediation of the Bhalswa landfill site by September.

He further instructed that fresh waste generated on a daily basis should be processed immediately to prevent further accumulation and stressed that no new legacy waste should be created.

The Minister also directed that the reclaimed land, following remediation of the landfill, should be utilized judiciously for public use and community welfare.

The visit was attended by Sh. Sanjeev Khirwar, Commissioner, MCD; Sh. P. C. Meena, Engineer-in-Chief, MCD; Sh. K. K. Sharma, Chief Engineer, MCD; Sh. Sashi, Deputy Commissioner, MCD; along with other concerned officers of MCD.

**Publication Name:** Action India
**Publication Date:** 29/05/2026
**Edition:** Karnal
**Page No:** 12
**CCM:** 165.1

Manohar Lal visited Bhalswa Dumpsite and reviewed the work

# मनोहर लाल ने भलस्वा डंपसाइट का दौरा कर कार्यों की समीक्षा की

**समीक्षा की**

**मनोहर ने भलस्वा डंपसाइट का दौरा कर अपशिष्ट निस्तारण और भूमि पुनः प्राप्ति कार्यों की समीक्षा की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने भलस्वा डंपसाइट का दौरा कर वहां चल रहे अपशिष्ट निस्तारण और भूमि पुनः प्राप्ति कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीकों से हो रही अपशिष्ट निस्तारण प्रक्रिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप है। भलस्वा डंपसाइट को मंत्रालय ने कचरा स्थल निस्तारण एवं कार्य योजना (डीआरएपी) पहल के तहत अपनाया है। यह मिशन मोड कार्यक्रम देशभर के बड़े पुराने कचरा स्थल को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित कर 'लक्ष्य शून्य कचार स्थल' हासिल करने पर केंद्रित है। उन्होंने सितंबर 2025 में इस साइट को औपचारिक रूप से अपनाने की घोषणा की थी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि जून 2022 में यहां लगभग 73 लाख मीट्रिक टन अपशिष्ट था। जुलाई 2022 से प्रतिदिन लगभग 15 हजार मीट्रिक टन अपशिष्ट का जैव अपशिष्ट खनन किया जा रहा है। 26 मई 2026 तक शेष अपशिष्ट घटकर लगभग 23.17 लाख मीट्रिक टन रह गया है। अब तक करीब 43 एकड़ भूमि पुनः प्राप्त की जा चुकी है, जबकि कुल क्षेत्रफल लगभग 70 एकड़ है। मनोहर लाल ने समीक्षा के दौरान जैव अपशिष्ट खनन कार्यों, पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों, अग्नि रोकथाम, रिसाव (लीचेट) प्रबंधन और संपूर्ण निस्तारण रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने सितंबर तक कचरा स्थल की पूरी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**Publication Name:** Action India
**Publication Date:** 29/05/2026
**Edition:** Karnal
**Page No:** 1
**CCM:** 168.18


No laxity in waste disposal work will be tolerated: Manohar

# कचरा निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं: मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्रामः।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को गुरुग्राम पहुंचकर बंधवाड़ी स्थित कचरा निस्तारण प्लांट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट में चल रहे कचरा निस्तारण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने प्रतिदिन होने वाले कचरा निस्तारण कार्य की रिपोर्ट हर 24 घंटे में उनके पास भेजने के भी निदेश दिए।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने साइट को जल्द से जल्द साफ करने के उद्देश्य से एजेंसियों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरा निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर साइट को पूरी तरह साफ किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने फ्रेश वेस्ट के निस्तारण के लिए अलग साइट की पहचान करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, ताकि पुराने कचरे के निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के उपरांत केंद्रीय मंत्री ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गुरुग्राम व फरीदाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि स्वच्छता नगर निगमों का प्राथमिक कार्य है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की है। सरकार का लक्ष्य देश के 50 शहरों को चयनित कर उन्हें स्वच्छ, सुंदर और बेहतर शहरों के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि शहर देश की पहचान होते हैं और विदेश से आने वाले लोग सबसे पहले इन्हीं शहरों को देखते हैं।



**कचरा निस्तारण कार्य में तेजी लाने के लिए एजेंसियों की संख्या बढ़ाने और ड्रोन सर्वे के दिए निर्देश**